आज दिनांक 19-09-2019 को प्रातः 10:00 बजे अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में सेंट जॉन एम्बुलेंस क्लब के द्वारा एक क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय 'प्राथमिक चिकित्सा' था । कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राथमिक चिकित्सा के महत्त्व के बारे में बताते हुए डॉ० देवेंदर द्वारा किया गया । उन्होंने विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा की तकनीकों के बारे में बताया। विद्यार्थियों को चार टीमों ए, बी, सी तथा डी में बांटा गया । प्रतियोगिता कुल चार चरणों में विभाजित थी । डॉ० देवेंदर तथा सुश्री प्रिया अरोड़ा ने प्रतियोगिता का आयोजन किया था । टीम सी ने प्रतियोगिता तीस अंकों से जीती । टीम सी में मीनाक्षी, निर्मल, तन्नु प्रतिभागी थे । दर्शक विद्यार्थियों ने विशेष उत्साह दिखाया और प्रश्नों के उत्तर दिए । अंत में डॉ० देवेंदर ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को धैर्य, रूचि दिखने और प्रतियोगिता को सफल बनाने पर धन्यवाद दिया।